## खबर संक्षेप



### वन परिक्षेत्र अधिकारी ने जूता पहनकर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**स्लीमनाबाद।** राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की आन -बान -शान है जिसका सम्मान करना सभी देशवासी का कर्तव्य है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी देश के राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को तार तार कर रहे है। बहोरीबंद वन परिक्षेत्र कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम के द्वारा जूता पहनकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। जूता पहने राष्ट्रीय ध्वज फहराने की फोटो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रही है जिसके बाद तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। इस संबंध में डीएफओ गौरव शर्मा का कहना था कि मामला संज्ञान में आया है। बहोरीबंद वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम को कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा। कारण बताओ नोटिस का समाधानकारक जवाब न मिलने पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### युवाओं को मिलेगा विश्व मंच पर हुनर दिखाने का मौका

**कटनी।** मप्र के युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए 'मध्य प्रदेश कौशल प्रतियोगिता-2025' का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रदेश के प्रतिभावान युवाओं को जिला, संभाग और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से 63 अलग-अलग प्रकार के कौशलों में प्रतियोगी हिस्सा ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी द्वारा आयोजित होने वाली 'विश्व कौशल प्रतियोगिता' का एक हिस्सा है, जिसे अक्सर 'कौशल का ओलंपिक' भी कहा जाता है। विश्व कौशल प्रतियोगिता 2024 में ल्योन, फ्रांस में हुई थी और अगली प्रतियोगिता सितंबर 2026 में शंघाई, चीन में आयोजित होगी। राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद, चयनित प्रतिभागियों को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंडिया द्वारा आयोजित स्किल्स प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई भी शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 16 से 22 वर्ष तथा कुछ विशेष कौशलों के लिए 25 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल पर जाकर अपना निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं।

### जिले में अब तक 852.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 22 अगस्त तक कुल 852.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1115.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 788.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8.1 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 928.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1115.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 809 मिलीमीटर, बरही तहसील में 742 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 745 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 758.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 956.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 761.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### माईनिंग कॉन्क्लेव आज, विषय-विशेषज्ञ और निवेशकों के साथ होगी वन-टू-वन चर्चा

# खनन क्षेत्र के भविष्य को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 23 अगस्त को कटनी मे 'मध्यप्रदेश माइनिंग कॉनक्लेव 2.0' का आयोजन किया जा रहा है। कॉनक्लेव का मुख्य फोकस क्षेत्र कोयला एवं ऊर्जा, ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) और चूना पत्थर एवं सीमेंट होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समिट में शामिल होने वाले विषय-विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल हैं। कॉन्क्लेव में मिनरल एवं माईनिंग से संबंधित विभिन्न सत्रों के दौरान चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृण करेगा, अपितु देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

मप्र खनिज संपदा से भरपूर है। खनन क्षेत्र में राष्ट्रीय उत्पादन में मध्य प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान हैं। यहां राष्ट्रीय उत्पादन का 73% तांबा, 29% रॉक फॉस्फेट, 26% मैंगनीज, 9% चूना पत्थर, 8% कोयला, 3% बॉक्साइट और एक प्रतिशत लोह अयस्क मिलता है। प्रदेश में मौजूद खनिज संपदा को प्रदर्शित करते हुए कॉन्क्लेव स्थल पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।




### देश के बड़े औद्योगिक घरानों ने कॉन्क्लेव में दिखाई दिलचस्पी

कटनी माईनिंग कॉन्क्लेव में देशभर के बड़े औद्योगिक घरानों ने दिलचस्पी दिखाई है। कॉन्क्लेव में डायरेक्टर जनरल जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया राजेश जोशी, चीफ कंट्रोलर ऑफ माइन्स इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स नागपुर पंकज कुलश्रेष्ठ, सीएमडी एचसीएल संजीव कुमार सिंह, डायरेक्टर (फाइनेंस) एमईसीएल सुरेन्द्र सिंह क्षत्रिय, जीएम बिजनेस डेवलपमेंट सीआईएल चंद्र शेखर सिंह, डायरेक्टर एसईसीएल बिलासपुर बिरांची दास, डिपार्टमेंट ऑफ अर्थ एंड एनवायरमेंट साइंसेस के प्रो. डॉ. प्रीतम नासपुरी एवं प्रो. डॉ. ए.के. तिवारी, टेक्समिन के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर एमडी दानिश और प्रोजेक्ट डायरेक्टर धीरज कुमार, आईबीएम नागपुर के चीफ ओर ड्रेसिंग ऑफिसर एंड डायरेक्टर दिलीप रंजन कानुगो, सीईओ आई-एनर्जी नीरज गुप्ता, डायरेक्टर एलीटेक अजीत चौधरी, एकेएस यूनिसर्विटी के प्रो. जी.के. प्रधान, एग्जीक्युटिव डायरेक्टर डेलोइट तुशार चक्रवर्ती, एग्जीक्युटिव डायरेक्टर एचसीएल नागेश शिनोय, एमडी रामनिक पॉवर एंड एलोयस हर्ष व्ही. त्रिवेदी एवं डायरेक्टर निष्क्षल के. त्रिवेदी, डायरेक्टर एमओआईएल एमएम अब्दुल्ला, ऑनर विनमीर रिसोर्सेस प्रा.लि. गोविंद ए. शोरेवाला, डायरेक्टर सिंघाल बिजनेस प्रा.लि. राहुल अग्रवाल, डायरेक्टर लोहम एंड सीईओ चिदंबरम मदन, सीनियर मैनेजर (टेक्नीकल) आईआरईएल बी.एस. तलवार, चीफ स्ट्रेटजी एंड बिजनेस डेवलपमेंट अडानी सीमेंट भीमसी कचोट, एमडी माइनवेयर एडवाइजर्स प्रा.लि. कौशिक बोस, डायरेक्टर (माइनिंग एंड स्ट्रेटजिक प्रोजेक्ट) एरसेलोर मित्तल आलोक मेहता, डायरेक्टर महाकौशल रिफ्रैक्टरीज प्रा.लि. मयंक गुग्गली और सीईओ ऑरो नेचुरल रिसोर्सेस प्रा.लि. अफरोज शामिल हों

### इनके बीच होगा एमओयू

माइनिंग कॉन्क्लेव में कोल इंडिया लिमिटेड, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, म.प्र. शासन तथा मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम लिमिटेड के मध्य क्रिटिकल मिनरल एवं अन्य खनिजों के पूर्वेक्षण एवं खनन के लिए एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये जाएगें। इसके अलावा संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, मप्र शासन, मप्र राज्य खनिज निगम लिमिटेड एवं टैक्समिन के बीच समझौता ज्ञापन तथा संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, मध्यप्रदेश राज्य खनन निगम लिमिटेड और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के मध्य समझौता ज्ञापन कया जायेगा।यह समझौता ज्ञापन भारत की खनिज अन्वेषण महत्वाकांक्षाओं को मज़बूत करने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग, समन्वित प्रयासों और संसाधन साझाकरण की नींव रखेगा।

### रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला 28 अगस्त को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरूवार 28 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई रोशन नगर एनकेजे कटनी में एक विशाल रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही रोजगार के साथ-साथ, मेले में 18 से 45 वर्ष के स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को भी सहायता प्रदान की जाएगी। ऋण प्रदाता सरकारी विभाग भी उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेंगे। इस मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के 8वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा तक की शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार अपने साथ अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

*सीएम के आगमन को लेकर एसपी के निर्देश पर हुई सघन चेकिंग*

## होटलों एवं लॉज में चलाया गया जांच अभियान, पहचान पत्रों का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आज कटनी आगमन को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को शहरभर के होटल और लॉज में सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है । निर्देश पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने थाना क्षेत्र के होटल और लॉज में सघन चेकिंग का अभियान चलाया गया। सभी होटल एवं लॉज का निरीक्षण किया गया । चैकिंग के दौरान ठहरे यात्रियों के पहचान-पत्रों का सत्यापन किया, रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जाँच की गई ।



थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि "सुरक्षा से कोई समझौता नहीं" जिन्होने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी । होटल संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बिना पहचान पत्र किसी भी यात्री को ठहराया न जाए तथा सभी रिकॉर्ड नियमित रूप से संधारित किए जाएँ । इस दौरान थाना प्रभारी कुठला द्वारा स्टाफ के साथ पैदल पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए संवेदनशील इलाकों, भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में तथा डार्क स्थान जहाँ पर आसामाजिक तत्वों का जमाबड़ा रहता है तथा शराब दुकान के आस पास क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग की गई जिसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाना तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्परता से नज़र रखना है।

### आंगनबाड़ी में बच्चों को वितरित किये गए ड्रेस एवं जूते



बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 03 आवाद कॉलोनी एव आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 04 ब्लॉक बड़वारा में श्रीमति सुनैना बाई सरपंच बड़वारा के मुख्यातिथ्य एवं श्रीमति प्रतिभा पांडे सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग के विशिष्ट अतिथि में नि :शुल्क बैग एवं शिक्षण सामग्री के साथ साथ ड्रेस एवं जूतों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में काशी विश्वकर्मा, राजेश कुमार चौधरी, माया गुप्ता, सरोज सिंह, गया प्रसाद विश्वकर्मा, ज्योति निगम कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी एव रविकांत राय का महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।

## दोपहिया वाहनों पर चालानी कार्यवाही, रेत-मार्बल से ओवरलोड वाहन की धमाचौकड़ी पर नजर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील मुख्यालय के मुख्य तिराहे पर प्रतिदिन सुबह व शाम को रेत व मार्बल ओवर वर्डन से ओवरलोड डंपर धमाचौकड़ी मचा रहे है। मुख्य तिराहे पर आवागमन शाम की समय ज्यादा रहता है।जहां इन ओवरलोड वाहनों की धमाचौकड़ी से हादसों का डर बना रहता है।साथ ही आवागमन प्रभावित होता है।पूर्व मैं इन ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क हादसे हो चुके है लेकिन परिवहन में लगे ओवरलोड वाहनों पर स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे यह ओवरलोड वाहन दो पहिया वाहनों के साथ ही अन्य राहगीरों की जान को आफत में डाल रहे है। नियमित रूप से ओवरलोड रेत व मार्बल वर्डन परिवहन करने वाले इन वाहनों पर स्थानीय पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है क्या।अगर पड़ रही है तो फिर कारवाई क्यो नही की जारही है।बस मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पुलिस सिर्फ छोटी वाहनों तक चेकिंग अभियान और चालानी कार्रवाई सीमित रह गई है। कारवाई न होने से बेख़ौफ़ वाहन संचालित हो रहे है।साथ ही क्षेत्र की सड़को के परखच्चे उड़ने लगे है।



### इनका कहना है

इस संबंध में तहसीलदार सारिका रावत का कहना है कि स्लीमनाबाद के मुख्य तिराहे से रेत व मार्बल वर्डन ओवरलोड किये डंपरों से परिवहनों किया जा रहा तो चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों पर कारवाई की जाएगी।

*झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर जिले में लाया जा रहा*

## 1038 एमटी नीम कोटेड यूरिया खाद पहुंची, किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक सोमवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1038 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है।

झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। इसके पहले पिछले सोमवार को भी 515 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।



जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 93 मीट्रिक टन एवं बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 175 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 350 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ तथा एमपी एग्रो कटनी को 60-60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

### ग्राम पंचायत बड़वारा में कार्यशाला का हुआ आयोजन

## पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी के गणेश बनाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता हेतु ग्राम पंचायत बड़वारा में एकदिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया ने बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुये बताया कि प्रस्फुटन ग्रामों में समितियों के द्वारा समन्वय से सक्रियता पूर्वक कार्य करना है। जिसमें परिषद के निर्देशानुसार दिए गए विषयों पर जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करना है। वहीं कार्यशाला में उपस्थित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने प्रशिक्षण हेतु निर्धारित विषयों पर चर्चा करते हुए उनके कार्य दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्राम में संस्कार केंद्र संचालन के माध्यम से नन्हे-मुन्ने बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक संस्कारों का निर्माण करने, बड़ों के प्रति सम्मान का भाव, अच्छे बुरे का ज्ञान, योग आसन की जानकारी सहित बचपन से ही शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति उनकी जवाबदारी का ज्ञान कराने के बारे में बताया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से परिषद द्वारा प्रारंभ किए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रम माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्वयं बनाकर उनकी स्थापना एवं पूजन करने के साथ-साथ आमजन को भी इस हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया।



मिट्टी कलाकार खिलाड़ी प्रजापति के द्वारा मिट्टी के गणेश बनाने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तत्पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वयं कार्यशाला स्थल पर मिट्टी के गणेश अपने हाथों से बनाया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने योगदान हेतु संकल्प लिया। आनंदम विभाग से जिला प्रोग्राम लीडर डॉ अनिल कांबले ने गांव में स्वैच्छिकता ग्राम विकास के आयामो पर कार्य करते हुए हर वक्त हम अपने आप को आनंदित कैसे महसूस करें इस पर उन्होंने उदाहरण देते हुए सातों इन्द्रियों आंख, नाक, कान, जीभ और त्वचा के साथ ही बुद्धि और विवेक कैसे कार्य करते हैं को अलग-अलग प्रेरणा स्वरूप रोचक उदाहरणों के साथ बताया।

तदुपरांत सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने जन अभियान परिषद के संस्थापक स्वर्गीय अनिल माधव देवे को याद करते हुए उनके विचारों को याद करते हुए कहा कि वह एक पर्यावरण प्रकृति प्रेमी थे और उन्होंने पर्यावरण के लिए बहुत अधिक कार्य किया और आज उन्हीं की देंन है कि जन अभियान परिषद की कार्य प्रणाली बृहद रूप से जमीनी स्तर पर देखने को मिलती है। आगे उन्होंने कहा कि पौधा लगाना ही बस उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि वह सुरक्षित होकर बड़ा हो, यह भी हमारा कर्तव्य होना चाहिए। तभी हम पर्यावरण को सुरक्षित कर पाएंगे।



## संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने कटनी में आज 23 अगस्त को प्रस्तावित माइनिंग कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कॉन्क्लेव के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर आईजी प्रमोद कुमार वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा भी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने माइनिंग कॉन्क्लेव के आयोजन स्थल पहुंचकर कलेक्टर श्री यादव और संचालक माइनिंग एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एमपी स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन श्री फ्रैंक नोबल ए के साथ आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। संभागायुक्त ने पंजीयन स्टॉल, प्रदर्शनी स्थल, मीडिया सेंटर, पार्किंग आदि व्यवस्था का निरीक्षण किया। इससे पहले संभागायुक्त ने झिंझरी पुलिस लाइन ग्राउंड स्थित हेलीपैड का भी मुआयना किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर आयोजित

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पूर्ण स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस की उपलक्ष्य में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दो बजे तक 27 लोगो ने रक्तदान किया। डाइट कॉलेज प्राचार्य एस वी डूंडू ,शिक्षिका ज्योति श्रीवास्तव ,62 वर्षीय बीके सुनील भाई, बरखा बहर मीना बहन,अमकुही फैक्ट्री से रजनीश सिंह, विजय ठाकुर, सत्येंद्र गर्ग, विनोद साहू , विवेक सिंह , लोकचंद भाई, अनिरुद्ध चंदन सहित अन्य लोगो ने रक्तदान किया ।शिविर में सभी दानदाताओं के लिए जूस कॉफी फल और भोजन की व्यवस्था रही । अंत मे दुर्गा बहन भारती बहन सविता, सुमन बहन, ज्योति बहन, बेबी बहन ने रक्त दाताओ को प्रमाण पत्र और ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया ।

### मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु वार्डों में चला फॉगिंग अभियान

**कटनी।** डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष फॉगिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत निगम के फॉगिंग मशीनों वाहन के माध्यम से विगत दिवस इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक एवं रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक में क्षेत्रीय वार्ड पार्षद एवं दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न गलियों, मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थलों पर रासायनिक धुआँ छोड़ा जाकर मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास किए गए। अभियान के तहत जयप्रकाश वार्ड क्रमांक 10 ,बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 19, राम मनोहर लोहिया वार्ड एवं चंद्र शेखर आजाद वार्ड की गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ा जाकर मच्छरों का विनिष्टकरण किया जाकर नागरिकों को राहत पहुंचने की कार्यवाही की जाएगी। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों एवं आसपास के स्थलों, कूलरों आदि में पानी न ठहरने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें।

### बकाया बिल करें जमा नहीं तो काट दी जाएगी बिजली



**बड़वारा।** विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के अंतर्गत पूर्व में उड़नदस्ता टीम (जांच दल) के द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 (ख) एवं 126 के तहत बनाए गए पंचनामा की बकाया राशि का भुगतान करने हेतु क्षेत्र की जनता से विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन पर विद्युत कर्मचारियों के द्वारा घर घर जाकर उपभोक्ताओं से मुलाकात करके समझाइए दी जा रही है कि दिनांक 13/09/2025 को विशेष न्यायालय कटनी में उपस्थित होकर 30% प्रतिशत आकलित ऊर्जा प्रभार पर छूट का लाभ लेकर प्रकरण को अतिशीघ्र समाप्त करवाए। पंचनामा की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा आप के परिसर का विद्युत कनेक्शन अस्थाई रूप से विच्छेदित कर दिया जाएगा। यदि चेकिंग के दौरान भविष्य में बिना पंचनामा राशि एवं बिजली बिल का भुगतान किए विद्युत कनेक्शन जोड़ा पाया गया तो आपके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 (ख) के तहत कार्यवाही करते हुए पुनः प्रकरण तैयार किया जाएगा। नोटिस प्राप्त होने के पश्चात तत्काल अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र अमाडी (मझगांव) कार्यालय में उपस्थित होकर भी अपने बने पंचनामा राशि एवं विद्युत बिल की राशि का भुगतान किया जा सकता है और समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### सवारियों को उतारने व बैठाने के लिए सड़क किनारे बसों को खड़ी करने से लगता है जाम

# उमरियापान में आज तक नहीं बन सका बस स्टैंड, यात्रियों की फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान में स्थायी बस स्टैंड का निर्माण न हो पाने से यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि बसें कहीं भी सड़क पर खड़ी हो जाती हैं, जिससे यात्री परेशान और यातायात अवरुद्ध होता है। गर्मी के दिनों में यात्री झुलसती धूप में, बरसात में पानी और कीचड़ में खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं।

बस स्टैंड पर बैठने की सुविधा तक न होने से महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग खासे परेशान रहते हैं।पीने के पानी की व्यवस्था न होने से यात्री दुकानों में जाकर पानी पीते हैं। बरसात के दिनों में अस्थायी बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो जाता है।

खुले में बसों का संचालन न केवल अव्यवस्था फैलाता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ा देता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई वर्षों से बस स्टैंड निर्माण की मांग उठ रही है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



#### 60-70 बसों का आवागमन

उमरियापान से कटनी, सिहोरा, मझगवां, जबलपुर, ढीमरखेड़ा से उमरिया तक आने जाने के लिए अस्थायी बस स्टैंड पर रोजाना करीब 60-70 बसें आती-जाती हैं। इन बसों में रोजाना हजारों यात्री आवागमन करते हैं। यहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से अक्सर यात्री यहाँ वहाँ खड़े रहकर बसों का इंतजार करते हैं। इन दिनों तो बस स्टैंड में गंदगी का आलम हैं। हैंडपंप के समीप और शौचालयों में गंदगी पसरी हैं। बदबू से यहाँ पर दुकान लगाने वाले दुकानदार और यात्री परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्थायी बस स्टैंड का अपना नया नहीं है।लगातार मांग और घोषणाओं के बावजूद उमरियापान का बस स्टैंड सिर्फ कागजों और आश्वासनों तक ही सीमित है।

#### बजट के अभाव में अटकी फाइलें

उमरियापान में साल 1993 में तत्कालीन एसडीओ अजीत केशरी ने बस स्टैंड की आधारशिला रखी थी। बस स्टैंड की जमीन आज भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। उमरियापान में बस स्टैंड के लिए पर्याप्त जमीन न मिलने से करीब एक किलोमीटर दूर बम्हनी में प्रशासन ने बस स्टैंड निर्माण के लिए जमीन का जायजा लेकर नपाई कराई और वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा था।साल 2016 में लोकसभा उपचुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरियापान को नगर परिषद का दर्जा देने और सुव्यवस्थित बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की थीं, तब से ग्रामीण इन सौगातों को पूरे होने की आस लगाए हैं, लेकिन आज तक यह घोषणा हकीकत में नहीं बदल सकी। जिले के तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद ने आयुक्त सह संचालक पंचायत राज संचालनालय भोपाल को पत्र लिखकर बस स्टैंड निर्माण के लिए बजट आबंटन प्रदान करने की मांग की है। इसके पहले साल 2019 में भी जिले के तत्कालीन कलेक्टर ने तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद बस स्टैंड निर्माण हेतु 33.58 लाख रुपए का बजट आबंटित करने मांग की ,लेकिन स्वीकृति न मिलने से बस स्टैंड निर्माण नही हो सका।



## काउ केचर वाहन के माध्यम से मवेशी भेजे गए कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के सार्वजनिक मार्ग में घुमंतू मवेशियों के विचरण पर रोक लगाकर नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था मुहैया कराने सहित नगर की सफाई व्यवस्था को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हांका गैंग द्वारा विगत रात्रि नगर में विशेष अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के संबंध मे जानकारी देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य मार्गो पीरबाबा, बिहरी मोड़, झिंझरी, कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने, बरगवां रोड, एलआईसी कार्यालय के सामने अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को मुख्य मार्गो से अलग करते हुए काउ केचर वाहन के माध्यम से कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। वहीं मिशन चैक, बस स्टैण्ड, पन्ना मोड़ से चाका बाईपास तक के मवेशियों को भी हांका लगाकर मवेशियों को दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास बने अस्थाई गौशाला स्थल मे भेजने की कार्यवाही की गई।

नगर की सुगम एवं सुरक्षित आवागमन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक मार्गो में विचरण करनें वाले मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस एवं गौशाला में भेजनें की वृहत कार्यवाही की जा रही है। आपनें नगर के पशुपालकों से अपने मवेशियों को सार्वजनिक स्थलों में नहीं छोडनें की अपील करते हुए नगर की सुचारू यातायात एवं सफाई व्यवस्था मे सहयोग करें।

*800 हेक्टेयर में हाईब्रिड मक्का तो 200 हेक्टेयर में स्वीट कार्न की हुई बोवनी*

## लोगों की पसंद बना स्वीट कार्न, राष्ट्रीय राजमार्ग की दोनों ओर सजी कई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बारिश के मौसम में भूने हुए भुट्टा हर किसी को पसंद है, लेकिन भुट्टे की देसी किस्म धीरे धीरे कम होती जा रही है। इसकी जगह हाइब्रिड बीजों से होने वाले स्वीट कॉर्न का चलन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोगों की पसंद भी स्वीट कॉर्न बन चुका है। इस समय राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे स्लीमनाबाद से तेवरी व नैगवा तक मार्ग के दोनों ओर ठेले लग रहे हैं। इनमें देसी भुट्टे से ज्यादा स्वीट कॉर्न की बिक्री हो रही है। लोग बड़े ही चाव से स्वीट कॉर्न का आनंद ले रहे हैं। हालांकि सेहत और पोषण तत्वों के मामले में देसी भुट्टे का कोई तोड़ नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी देसी भुट्टे को सेहत के लिए ज्यादा सेहत मंद मानते हैं। जानकारी के अनुसार 100 ग्राम मक्के की मात्रा में 96 कैलोरी, 73 प्रतिशत पानी, काब्र्स 21 ग्राम, प्रोटीन 3.4 ग्राम, फाइबर 2.4 ग्राम और फैट 1.5 ग्राम पाया जाता है। जबकि स्वीट कॉर्न में स्टार्च की मात्रा मुख्य रूप से पाई जाती है। इसमें भरपूर काब्र्स के अलावा प्रोटीन, मैंग्नीज, मैंग्नीशियम,भी होता है। लेकिन स्वीट कॉर्न हाइब्रिड बीजों से पैदा किया जाता है। जिसमें



अनेक कीटनाशकों का उपयोग होता है। इस प्रक्रिया में देसी भुट्टे की अपेक्षा स्वीट कॉर्न में कम पोषक तत्व पाए जाते हैं। हालांकि देसी भुट्टा केवल बारिश के समय ही मिलता है। जबकि स्वीट कॉर्न की बारहों महीने पैदावार होती है।

तेवरी का भुट्टा देश सहित विदेशों तक जाता है जिस कारण तेवरी भुट्टो के लिए अपनी पहचान बना चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर दुकाने लगने के साथ ही बाहर जिलों मे भुट्टो को भेजने बड़ी मात्रा मे प्रतिदिन शाम के समय भुट्टो को वाहनो मे लोडकर भेजा जाता है जिससे किसानों की अच्छी आमदनी भुट्टा के सीजन मे हो जाती है।

कृषक घनश्याम कुशवाहा, छोटेलाल कुशवाहा, मुरली कुशवाहा, गोकुल कुशवाहा सहित अन्य किसानों ने बताया कि तेवरी मक्का उत्पादक क्षेत्र है!तेवरी से लगे ग्राम लखनवारा, गुदरी, नैगवा व बिचुआ ग्रामो मे बड़ी संख्या मे कृषक मक्के की बोवनी कर वर्षभर की आमदनी कर लेते है।

क्षेत्र का मक्का देश सहित विदेशों तक निर्यात होता है, जिससे अच्छी आमदनी हो जाती है। दो माह के इस सीजन प्रत्येक मक्का उत्पादक कृषक लाखो रूपये की आमदनी कर लेता है। इस वर्ष हाइब्रिड मक्का की बोवनी 800 हैक्टेयर व स्वीटकार्न की बोवनी 200 हैक्टेयर मे हुई है।

### धान की फसल पर संगोष्ठी, किसानों का किया सम्मान



दयाल फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड मेरठ के द्वारा ब्लॉक मुख्यालय बड़वारा जिला कटनी में धान की फसल पर कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बड़वारा एरिया के लखाखेरा,रोहनिया,बन्दरी,सांधि,गुड़ा कला,बडेरा,बड़वारा, पठरा, बजरवारा सहित आठ गाँव के 103 प्रगतिशील किसानों की सक्रिय भागीदारी रही संगोष्ठी में महेंद्र जायसवाल जिलाध्यक्ष सहकार भारतीय कटनी मुख्य अतिथि रहे ।रीजनल मैनेजर विनोद दुबे जिनके द्वारा धान की फसल पर संपूर्ण जानकारी दयाल ग्रुप के बारे में विस्तृत जानकारी दी व बताया गया कंपनी किसान के चेहरे पर मुस्कान के लिए काम करती है व दयाल कम्पनी दयाल मिशन दयाल का है सपना, खुशहाल हो हर किसान अपना के बारे बताया गया। विनोद दुबे द्वारा मृदा परीक्षण तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग के बारे मे धान की फसल पर दयाल द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे समाधान पर विस्तृत चर्चा की। कंपनी के मंडलीय प्रतिनिधि जितेंन्द्र गोस्वामी द्वारा सभी आमंत्रित वक्ता, मुख्य अतिथि, दयाल ग्रुप की टीम व किसानों भाइयों का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित किसान महेंद्र जायसवाल,फूलचंद ठेकेदार,विजय केवट,दीपक साहू की उपस्थिति रही व कम्पनी के रीजनल मैनेजर द्वारा इन किसानों भाइयो का सम्मान किया गया ।

## वर्चुअल समीक्षा कर निगम आयुक्त ने ई केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम के माध्यम से सर्वे दल द्वारा की जा रही ई केवाईसी कार्य की प्रगति की वर्चुअल समीक्षा निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा शुक्रवार प्रातः की जाकर गठित दल के अधिकारियों को कार्य में गति लाते हुए शत -प्रतिशत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वर्चुअली समीक्षा के दौरान निगमायुक्त श्री दुबे ने सभी वार्ड दरोगाओं को टैक्स कलेक्टरों के माध्यम से प्राप्त ईकेवाईसी की सत्यापन सूची का पुनः मिलान करते हुए डोर टू डोर सर्वे के दौरान नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी की सत्यता की जांच करते हुए गलत जानकारी पाए जाने पर ऐसी आईडी को डिलीट करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त नें समस्त वार्ड वसूली कर्ताओं को भी वसूली कार्य के साथ ई-केवाईसी कार्य हेतु भी नागरिकों से संपर्क करते हुए केवाईसी की स्पष्ट रिपोर्ट देकर शत-प्रतिशत आधार से समग्र लिंक करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए।

निगमायुक्त नें अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित ना हो इस हेतु इस कार्य को पूर्ण मनोयोग के साथ करना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त श्री दुबे ने कहा निरंतर किए जा रहे सामूहिक प्रयासों से कटनी नगर निगम द्वारा 70.4 प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यदि सभी आगे भी इसी प्रकार निरंतर प्रयासरत होकर कार्य करने से हम शीघ्र ही उच्चतम लक्ष्य हासिल करते हुए शत-प्रतिशत नागरिकों को सुविधा प्रदान करने में सफलता हासिल कर सकेंगे।

वर्चुअली समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नगरपालिक निगम द्वारा की जाने वाली समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं विशेष साफ-सफाई,मवेशियों के नियंत्रण, कीटनाशक छिड़काव,गड्ढों की मरम्मत,प्रकाश इत्यादि को समय में पूर्ण कराये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

*विधायक विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने किया प्रेरित*

## इमालिया स्कूल में छात्रों को साइकिल की गई वितरित, किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें, सिर्फ अपनी पढ़ाई की ही चिंता करें। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उनके भविष्य के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की हैं। गरीब विद्यार्थी भी अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकता है।

वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने तक की सुविधा सरकार दे रही है। हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हजारों मेधावी विद्यार्थियों को सरकार हर साल लैपटॉप तो स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को स्कूटी वाहन दे रही है। हर साल मुफ्त साइकिलें, मुफ्त गणवेश व कॉपी किताब दे रही है।



उक्त बातें विधायक प्रणय पांडेय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहुटा मे आयोजित साईकिल वितरण कार्यक्रम में कही। विधायक ने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने की सीख देते हुए शिक्षकों को भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की बात कही।

इस दौरान सरपंच संतोष लोधी,प्रभारी बीईओ मनोज गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

डिहुटा हाईस्कूल मै कक्षा 6 वी व 9 वी के 67 विद्यार्थियों को विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मै साईकिल वितरित की। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम के समापन मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधेरोपण भी किया गया। इसके अलावा शासकीय हाई स्कूल इमालिया मे भी कक्षा 9 वी के 11 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की गईं। इस दौरान सरपंच आरती रंजीत राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, प्राचार्या सुधा दुबे सहित स्कूल स्टॉफ सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही!

### कृषि विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की हुई बैठक

## प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण देकर किसानों को करें प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी के सभाकक्ष में गुरूवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा , संचालक विस्तार सेवाएं, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर , विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. टी आर शर्मा , (संचालक विस्तार सेवायें) ,एवं मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विज्ञानं केंद्र बैतूल के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. वी के वर्मा बैठक में सम्मिलित हुए ।

#### इनकी रही उपस्थिति

कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशम्पायन के मार्ग निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक के आरंभ में डॉ संजय वैशंपायन ,वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा सभी आंगतुकों का स्वागत किया। इसके के पश्चात डॉ आर के मिश्रा दवारा कृषि विज्ञान केन्द्र की विगत वर्ष २०२४-25 की उपलब्धियॉ एवं आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई I इस अवसर पर कल 42 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ए के तोमर, डॉ ए के दुबे, डॉ यतिराज खरे ,डॉ शशि गौर ,डॉ आरके मिश्रा, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आर पी बेन, संदीप चंद्रवंशी साथ ही उपसंचालक कृषि कटनी डॉ आर एन पटेल, मनीष मिश्रा सहायक संचालक कृषि, मैडम अरुणिमा सेन ,परियोजना संचालक आत्मा एवं उद्यान की विभाग के सहायक संचालकउद्यान श्री त्रिपाठी, साथ में जिले के विभिन्न एनजीओ के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।




#### किसानों को करें प्रोत्साहित

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में संचालक विस्तार सेवाएं डॉ दिनकर प्रसाद शर्मा ने प्राकृतिक खेती पर जोर दिया और कहां जिले में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण किए जाएं और किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहन किया जाए और उनकी मिट्टी की जांच हेतु व्यवस्था की जाए , और जिले में कृषि के विकास में वैज्ञानिक खेती पैर जोर दिया जाये,साथ ही डॉ टी आर शर्मा एवं डॉ वी के वर्मा सर ने भी कृषि के विकास हेतु सुझाव दिया। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि ने धान की उन्नत प्रजातियां एवं प्राकतिक खेती पर जोर देने के लिए अपने विचार व्यक्त किये।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति के कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ आर पी बैन ने किया एवं आभार व्यक्त डॉ अर्पिता श्रीवास्तव ने किया , इस बैठक में विभिन्न ग्रामों के प्रगतिशील कृषक हीरामणि हल्दकार ग्राम बडा, राजेश हालदार ग्राम लिंगरी और भी विभिन्न ग्रामो के प्रगतिशील किसान उपस्थित हुए।

## रीजनल माइनिंग समिट को लेकर नगर में चला विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शनिवार को नगर में आयोजित होने वाली रीजनल माइनिंग समिट को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार प्रातः सर्किट हाउस, हेलीपैड स्थल, कार्यक्रम स्थल सहित नगर में अन्य स्थलों में विशेष सफाई अभियान चलाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के प्रयास किये गए।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छता दूतों के माध्यम से हैलीपैड स्थल पर साफ - सफाई चूने की लाइनिंग सहित खरपतवार की कटाई के कार्य के साथ ही कार्यक्रम आयोजन स्थल पर विशेष साफ- सफाई कराई जाकर चूनें की लाइनिगं एवं कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराया गया। इसके अतिरिक्त पीरबाबा से मिशन चैक सागर पुलिया एवं नदीपार से चाका तक के डिवाईडरों, मुख्य मार्गो एवं मार्गो के किनारें की पन्नी एवं अन्य अपशिष्ट की सफाई कराकर कचरे का उठाव कार्य किया गया।

इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों मिशन चैक, चांडक चैक, बस स्टैंड, बस स्टेंड आडिटोरियम परिसर गोल बाजार, कपडा बाजार, सुभाष चैक, रेल्वे स्टेशन पहुंच मार्ग, पन्ना मोड़, दुगाडी नाला सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों की सफाई का कार्य किया गया। जबकि वर्षा के दौरान सुगम जल निकासी की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कावस जी वार्ड जोगनी माता मंदिर के पास की नालियों, बाबू जगजीवन राम वार्ड जैन कालोनी की नालियों, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड के विभिन्न स्थलों की नालियों, फारेस्टर वार्ड में भीमराव चौक से विवेकानंद चैक तक की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई की गई।

**खबर संक्षेप**

## रक्तदान शिविरों का आयोजन 25 अगस्त से 28 सितम्बर तक

**दमोह।** जिले के विकासखण्डों में रक्तदान शिविरों का आयोजन 25 अगस्त से 28 सितम्बर तक किया जायेगा। रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन 25 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा, 26 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा, 04 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया, 08 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा, 15 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिण्डोरिया, 20 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हटा, 25 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा, 26 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा, 28 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ में होगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्थानीय अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और गैर सरकारी संगठनों से सहयोग करने का आग्रह किया हैं उन्होंने कहा शिविर के लिए उचित सुविधाओं वाला एक विशाल और स्वच्छ स्थल चुना जाए। पोस्टर, रैलियों, सोशल मीडिया और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जागरुकता फैलाई जाये।

विरागोदय तीर्थ स्थल में चातुर्मास के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुये :

# संकल्प, समय एवं वचन का पक्का व्यक्ति ही पाता है प्रसिद्धि : पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया





विरागोदय तीर्थ स्थल में चातुर्मास के दौरान वीतराग दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति के उन्नायक पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्म सभा में कहा कि- एक शत्रु भी जीवन की अशान्ति के लिए बहुत है। अपनी क्षमता- समता देखकर ही कार्य करना चाहिए। सोच-समझकर ही श्रेष्ठ-कार्य प्रारम्भ करना चाहिए। लाभ के बिना कोई कार्य नहीं करना चाहिए। व्यर्थ का श्रम करने से क्या लाभ है? स्व-पर हित हो नही कार्य श्रेष्ठ है। विवेक हीनता सर्वनाश करा देती है।
यदि शत्रु बलवान है, तो युद्ध के स्थान पर समझौता करना श्रेष्ठ है। उचित समय पर, अपनी शक्ति पहचान कर ही कार्य करना चाहिए। बिना बिचारे कार्य करने वाला सफलता को प्राप्त नहीं कर पाता है। योग्यता के अभाव में पद भी छीन लिए जाते हैं। योग्य व्यक्ति ही पद की गरीमा रख पाता है।
जीवन में स्वयं का अवलोकन आवश्यक है। व्यक्ति को संतुष्ट नहीं होना चाहिए। संतुष्टि विकास पर विराम लगा देती है। जीवन में निरन्तर श्रम करते रहना चाहिए। सही दिशा में किया गया श्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। जिसका लक्ष्य के प्रति अक्ष होता है, वहीं सफलता प्राप्त करता है। नवीन वस्तु में सभी को राग होता है और राग ही परिग्रह-संग्रह के प्रति प्रेरित करता है। राग ही कष्ट का कारण है, इसलिए ₹राग हटाओ, कष्ट मिटाओ।₹ व्यक्ति को राग-में-राग होता है, राग के वश ही व्यक्ति द्वेष करता है। राग रस के वश मानव वीतरागता के समरस का पान नहीं कर पाता है। राग-द्वेष छोड़ो, समता-रस का पान करो।जितना - जितना राग होगा, उत्तना- उतना बंध होगा और जितना-जितना वैराग्य होगा उतना - उत्तना निर्बन्ध होगा। भावों से ही बंध होता है, भावों से ही निर्बन्ध होता है। णमोकार महामंत्र विश्व का महा- मंगलमय मंत्र है। इसके स्मरण से भव भव भव के क्रन्दनछूट जाते हैं। णमोकार पंच-परमेष्ठी वाचक महामंत्र है। जो णमोकार का स्मरण, ध्यान, जाप करता है, वह भव-भव के कर्मों का शम कर, संसार के दुःखों से छूट जाता है।
समय और इंसान की कीमत करना चाहिए, जो समय की कीमत करता है उसकी दुनिया कीमत करता है।, समय को समझो, समय बहुमूल्य है। समय पर किया गया कार्य, मता सुख एवं आनन्दकारी होता है। सबका समय एकसा नहीं होता है, समय बदलता है। समय के ताव को समझना सीखो। समय-समय पर सुकना सीखो। समय के अनुसार जीना सीखो। दुःख के समय में भी घबड़ाना नहीं, क्योंकि समय बदलते देर नहीं लगती। संकल्प, समय एवं वचन का पक्का व्यक्ति ही प्रसिद्धि पाता है। जिसका संकल्प दृढ़ होगा, वही सफलता प्राप्त कर सकेगा। जो समय पर कार्य करेगा, समय पर दान देगा, उसका निश्चित ही दुनिया में नाम होगा। कुलीन-पुरुष अपने वचनों का उल्लंघन नहीं करते । सज्जन-पुरुष प्राणों से अधिक 'प्रण' को मानते हैं। धन-धरती, धन - सम्पत्ति यहीं छूट जायेगी कुछ भी साथ नहीं जायेगा। तन से प्राण निकलें उसके पहले अपने जीवन में ऐसा कार्य कर लो जिससे अगला भव निर्मल हो। 1 जीवन अनमोल है। जीपन का एक एक दाण मूल्यवान है। जीवन के लक्ष्य को समूझो ।
परिणामों की संभाल करो। परिणाम संभल गए, तो पर्याय सैभर जायेगी। वैभव पाना सरल है, परन्तु वैभव छोड़कर वे भव होना श्रम-साध्य है। मनुष्यभव प्राप्त करना, सद्‌बोध पाना, गुरु शरण प्राप्त करना के लिए तप करना और आयु के अंत में सल्लेखना पूर्वक है, संयम धारण करना, ओत्म कल्याण मरण करना अत्यंत कठिन है।

## शासकीय महाविद्यालय जबेरा में हुई माटी गणेश-सिद्ध गणेश कार्यशाला



**जबेरा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशानुरूप एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय जबेरा में माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय जबेरा की प्राचार्य श्रीमती कमला चौरसिया, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक, युवा समाजसेवी रानू नामदेव, गोपाल सिंह लोधी उपस्थित रहे। जिला समन्वयक द्वारा अभियान के सम्बन्ध में बताया कि मिट्टी गणेश की स्थापना न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। हमें इको-फ्रेंडली गणेश जी को अपनाना चाहिए ताकि जलस्रोत एवं पर्यावरण प्रदूषित न हों। प्राचार्य श्रीमती कमला चौरसिया ने इसे अत्यंत अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि छात्र-छात्राएँ अपने घरों में मिट्टी से निर्मित गणेश जी की स्थापना कर पर्यावरण बचाने में सहयोग दें। युवा समाजसेवी रानू नामदेव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा प्रकृति को बचाने के लिए हमें धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण हितैषी बनाना होगा ताकि हमारी धार्मिक भावनाएँ और प्रकृति दोनों सुरक्षित रहें। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता घनश्याम सिंह लोधी ने किया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना जैन ने कहा कि यह आयोजन प्रकृति संरक्षण और धार्मिक आस्था का सुंदर संगम है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (CMCLDP) के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

## विदित सिह तोमर बने प्रखंड अध्यक्ष



**तेंदूखेड़ा।** गुरूवार को दमोह में विष्व हिन्दू परिषद की बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा , एवं जिला संगठन मंत्री द्वारका मिश्रा , अध्यक्ष अजय खत्री , मंत्री शम्भू विष्वकर्मा , संयोजक गोलू चौबे व जिला सामाजिक समरसता प्रमुख भूपेंद्र सोनी एवं समस्त जिला पदाधिकारियों की मौजूदगी एवं सहमति से तेंदूखेड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष का दायित्व विदित सिंह तोमर को दिया गया। विदित सिंह तोमर को प्रखण्ड अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर बजरंग दल, विष्व हिन्दू परिषद के साथ नगर के वरिष्ठ जनों ने वधाई दी। इस अवसर पर विदित सिंह ने कहा कि आप सभी संगठन के वरिष्ठ जनो के स्नेह ही हमें उर्जा मिलती है मेरे द्वारा पूर्णतः प्रयास रहेगा कि संगठन में अपना शत प्रतिषत समय देकर संगठन को नई उचाइयों पर ले जा सकें। इस अवसर पर प्रखण्ड संयोजक तेजी सिंह जी, मंत्री उदय सेन जी, मौजूद रहे। संजय जैन, अमरचंद जैन पप्पू जैन गिरवर सिंह अमित साहू, अमित जैन, जितेंद्र घोसी, मनीष घोसी पुष्पराज यादव, ऋषभ साहू वकील सिंह लोधी राजा खटीक लक्षमन यादव सहित नगर के युवा साथियों ने वधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित

**तेंदूखेड़ा।** नगर की कृषि उपज मंडी में सम्पूर्णता अभियान के तहत श्रेष्ट कार्य करने बाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी के द्वारा प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर भी मौजूद रहे है। ज्ञात हो कि नीति आयोग भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के मार्गदर्शन में संचालित संपूर्णता अभियान के अंतर्गत 5 विभागों स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला बाल विकास एवं ग्रामीण विकास से जुड़े 06 इंडिकेटर्स में शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर मुख्य मंत्री मोहन यादव के द्वारा दमोह जिले के दो ब्लाक तेंदूखेड़ा एवं दमोह के द्वारा सम्पूर्णता अभियान के तहत उच्च कार्य किए जाने गोल्ड मेडल देकर विकास खंड अधिकारियों को सम्मानित किया गया था। साथ ही दमोह एवं तेंदूखेड़ा के पॉच पॉच विभागो के लगभग 48 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मन किया गया है। इस दौरान राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने कहां कि निश्चित ही जबेरा विधानसभा प्रदेश में क्रमांक एक की विधानसभा बनने की ओर अग्रसर है। आने वाले समय में आप सभी के सहयोग से हम नंबर एक की विधानसभा बनाएंगे। कार्यक्रम में जिला सीईओ प्रवीण फुलपगारे, तेंदूखेड़ा एसडीएम गौरव गंधर्व, जनपद सीईओ मनीष बागरी, तहसीलदार विवेक व्यास, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर लोधी सहित अधिकारी व कर्मचारी एवं क्षेत्रवासियों मौजूद रहे।



## महिला मिलन की बैठक आयोजित



**दमोह।** अग्रसेन जयंती 22 सितम्बर के उपलक्ष्य में अग्रवाल धर्मशाला, अग्रसेन चौक दमोह में महिला मिलन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं व शोभायात्रा संबंधी अपने -अपने विचार सभी ने रखे। इस बैठक में अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीमा , सचिव बीणा , सहसचिव रचना, मीडिया प्रभारी सपना, सांस्कृतिक सचिव रश्मि , कोषाध्यक्ष सपना के साथ पूर्व अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, कुसुम दीदी, प्रमिला दीदी व सुमित्रा दीदी का विशेष सहयोग रहा। महिला मिलन समिति की सभी बहनों की सक्रिय उपस्थिति रही। पंक्चुअलिटी तंवोला गेम सभी को खिलाया गया जिसमें बबिता प्रथम स्थान व अनीता द्वितीय स्थान पर रही। समाज चुनाव पहली वार वोटिंग के आधार पर किया गया। मतदाताओं को मोटिवेट करने समीति के द्वारा लकी ड्रा रक्खा गया लकी ड्रा के भाग्यशाली विजेता अमित पिता महेंद्र कुमार, बलराम प्रसाद पिता शिवनारायण, बृजेश पिता रामनाथ, चंदू पिता राम शंकर, डा. डी.पी. अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल, हरि प्रसाद, पिता मूलचंद, जयकुमार पिता कृष्ण कुमार, कन्हैया लाल पिता मानक अग्रवाल, लक्ष्मी प्रसाद पिता नंदलाल महेश प्रसाद पिता बालमुकुंद, मृदुल कुमार पिता मुकेश कुमार, नितिन कुमार पिता राम नारायण, पंकज पिता ऋषि कुमार, प्रेम प्रकाश पिता डालचंद, राजेश कुमार पिता लखनलाल, श्रीकांत पिता कुंदन लाल, श्रीमती शशि गर्ग पत्नी स्वर्गीय सुशील गर्ग, सौरभ पिता डी.पी., सुभाष पिता (एस.पी.एम. नगर दमोह) नितिन पिता कौशल किशोर सभी विजेता भाइयों एवं बहन शशि गर्ग को सभी ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी महिला मिलन परिवार की ओर से आगामी कार्यक्रम में स्नेह भेंट प्रदान की जायेगी।

## तीर्थ क्षेत्र श्री णमोकर कमेटी ने दिया निमंत्रण

**दमोह।** दमोह जिले में स्थित श्री विरागोदय तीर्थ क्षेत्र श्री बेलाजी तीर्थ क्षेत्र एवं कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र पर विराजित आचार्य, मुनिराजों और कमेटी के पदाधिकारी को पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण देने के लिए महाराष्ट्र से तीर्थ क्षेत्र श्री णमोकर की कमेटी पहुंची। मालूम हो कि साल 2026 में 6 फरवरी से 13 फरवरी तक यहां अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए यहां की पंचकल्याणक महोत्सव कमेटी के द्वारा पूरे भारतवर्ष में पहुंचकर के निमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें जैन संप्रदाय के समस्त आचार्य मुनि राजो सहित अन्य साधुओं को निमंत्रण देने के लिए कमेटी जगह-जगह पहुंच रही है। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की यह कमेटी तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर पहुंची। जहां पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी को पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में निमंत्रण देने के लिए पत्र सोपा गया। वहीं पूज्य श्री बड़े बाबा का दर्शन भी कमेटी के सदस्य द्वारा किया गया। इसके साथ ही बेला जी तीर्थ में स्थित विराजमान पूज्य आचार्य श्री सिद्धांत सागर जी महाराज को भी इस पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया गया। वही विरागोदय तीर्थ क्षेत्र में विराजमान पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज संसंघ को भी इस पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में तीर्थ क्षेत्र श्री णमोकर पंचकल्याणक महोत्सव के पदाधिकारी, ट्रस्ट कमेटी एवं भारतवर्ष तीर्थ क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारीयों की मौजूद रही।



## सेंट जांस स्कूल प्रबंधन पर हो कड़ी कार्रवाई

**दमोह।** अभिभावक संघ दमोह के जिला अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सेंट जांस स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि हजारों छात्र और छात्राओं ने सेंट जांस स्कूल प्रबंधन के लिए क्रीड़ा अनुदान जमा किया गया है। लेकिन सेंट जांस स्कूल ने शिक्षा विभाग में वार्षिक शालेय क्रीड़ा शुल्क जिला शिक्षा क्रीड़ा अधिकारी के खाते में राशि जमा नहीं गई है। जिस कारण सेंट जांस स्कूल के अध्ययनरत छात्र और छात्राओं को क्रीड़ा शिक्षा विभाग की खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित रह गये है। यदि सेंट जांस स्कूल क्रीड़ा अनुदान शुल्क क्रीड़ा विभाग में शालेय क्रीड़ा शुल्क कर देंगे तो छात्र और छात्राओं को खेल प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। अभिभावक संघ के जिला महामंत्री मोंटी रैकवार ने सेंट जांस स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सेंट जांस स्कूल प्रबंधन की हिटलरशाही से अभिभावक और छात्र और छात्राएं परेशान हैं। जिस तरह क्रीड़ा अनुदान शुल्क जमा नहीं किया गया उससे हजारों छात्र खेल प्रतियोगिता में खेलने से वंचित किए गए हैं। जिला प्रशासन से मांग है कि तत्काल ही मामले में हस्तक्षेप कर शुल्क जमा करवाया जाएं साथ ही सेंट जांस स्कूल के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएं। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से मनोज देवलिया, रीतेश सोनी, संजय गौतम, नीलेश सिंघई,महेश पटेल, विशाल शिवहरे से सैकड़ों युवाओं ने की है।

## विद्यालय से स्थानांतरित होने पर दी भावभीनी विदाई



**जबेरा।** विगत दिवस जबेरा के शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में पदस्थ रहे माध्यमिक शिक्षक राजेश जैन के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय जबेरा में स्थानन्तरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई के अवसर पर विद्यालय में शिक्षकीय स्टाफ एवम छात्राओं द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य जवाहर प्रधान ने शिक्षक जैन के प्रति अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षक जैन एक समर्पित एवम लगनशील शिक्षक है उन्होंने सदैव छात्राओं एवम विद्यालय के हित मे कार्य किया वह छात्राओं हेतु रुचिकर तरीके से पढ़ाते है जिसके कारण उनकी कक्षाओं में छात्राएं रुचि लेकर पढ़ती है। उन्हें विद्यालय के कैसे भी कार्य सौपे गए वह उन्होंने बगैर आनाकानी के अच्छे तरीके से सम्पन्न किये। शासकीय हाइस्कूल पौंडी के प्राचार्य आर के शर्मा ने अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि जैन की जुबान पर सरस्वती सवार है वह जिस कार्य को ठान लेते थे उसे करके ही रुकते थे।वही कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक जी पी झारिया ने कहा कि इनकी कर्मठता एवम विषयों तथा समाज के सभी कार्यों में अद्भुत रुचि एवम कार्यों को करने की क्षमता है। शिक्षक भानुप्रताप ठाकुर ने उनके साथ बिताए संस्मरण सुनाते हुए कहा कि हम दोनों सदैव बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाने में कंपीटिशन किया करते थे जिसके परिणामस्वरूप उन की कक्षाओं एवम विषयो का सदैव अच्छा परीक्षा परिणाम रहा। शिक्षक चतुर सिंह ठाकुर ने कहा कि इनकी शिक्षा के साथ सामाजिक एवम ग्राम हित के कार्यों में अत्यंत रुचि है कार्यक्रम को अमित सेन एवम शिक्षिका उर्मिला श्रीवास्तव एवम छात्राओं ने भी सम्बोधित किया। छात्राओं की ओर से एक मधुर गीत के माध्यम से मानसी प्रधान ने अपने शिक्षक की भूरी भूरी प्रशंसा के साथ सम्मान प्रकट किया । शिक्षक जैन का विद्यालय परिवार की ओर से शॉल श्रीफल से सम्मान किया वही छात्राओं ने भी उन्हें अपनी ओर से उपहार भेंट किये । शिक्षक जैन ने अपनी ओर से सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्राओं द्वारा प्रदत्त सम्मान के प्रति बोलते हुए कहा कि मैंने अपनी क्षमता एवम योग्यता के आधार पर जो छात्राओं एवम विद्यालय के हित मे करते बना वह किया किंतु आज आप सभी ने जो सम्मान प्रदान किया है उससे मुझे ओर अधिक अच्छा कार्य करने की ऊर्जा प्राप्त हो गई है आगे उन्होंने विद्यालय , स्टाफ एवम समस्त छात्राओं को कलम भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा शिक्षक आर के शर्मा, जीपी झारिया, चित्तर सिंह ठाकुर, भानुप्रताप ठाकुर, देवेंद्र राजपूत , उर्मिला श्रीवास्तव , ओमती ठाकुर, सीमा गुप्ता, अमित सेन , हेमंत तिवारी, मनोज साहू, भदौरिया सर , दुर्गेश जायसवाल, मनसा जैन , तबस्सुम मैडम , मानसिंग ठाकुर , विजय खरे , शैलेश झारिया, रतन ठाकुर एवम विद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित थी।

## पंचायत भवन परिसर में 60 पौधों का हुआ वृक्षारोपण



**हटा।** विकासखंड के ग्राम देवरा जामशा में संपन्न हुए 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के उपलक्ष्य में 60 से अधिक पौधरोपण किया गया जिसमें अशोक, आम,अमरुद, ऐरिकापाम एवं कोनोकार्पश आदि सामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक गायत्री चालीसा पाठ के साथ देवपूजन एवं पौधों का पंचोपचार पूजन कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, लक्ष्मण तिवारी, शिवचरण पटेल, बहादुर पटेल,गोपाल पटेल, कन्हैया लाल पटेल एवं अंकुश खटीक ने वृक्षारोपण की महत्ता पर अपने अपने विचार रखे। जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी ने बताया इस प्रकार के कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायतों में होना चाहिए। गायत्री परिवार के दिनेश दुबे ने बताया गायत्री परिवार द्वारा संचालित सप्त आंदोलन के अंतर्गत पर्यावरण आंदोलन भी चलाया जा रहा है। गायत्री परिवार जन्मदिन, विवाह दिन, श्रावणी पर्व, जन्माष्टमी पर्व, गायत्री महायज्ञ,स्मृति उपवन आदि विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से वृक्षारोपण कार्यक्रम सतत चलाता है। आज का यह वृक्षारोपण कार्यक्रम मई माह में सम्पन्न हुए 24 कुंडीय महायज्ञ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत इंस्पेक्टर राजेश पाराशर, महेश्वर सिंह, खेमचंद महेड़िया, गोलू उपाध्याय, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य निशा पटेल आदि ने कार्यक्रम की विशेष सराहना की। हरिनारायण चौकरया लोकेन्द्र सिंह, नोने सिंह राजपूत ,रामविशाल खिरा एवं, मन्टू अठया सहित दर्जनों ग्रामों से पधारे क्षेत्रवासियों एवं गायत्री परिजनों के प्रति यज्ञ संयोजक नारायण सिंह पटेल ने आभार व्यक्त किया और सभी पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

## नियाज अली को प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं फरीद खान प्रांतीय सचिव नियुक्ति

**दमोह।** प्रांतीय अध्यक्ष साबिर खान ने दमोह जिले से प्रांतीय कार्यकारिणी में नियाज अली को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाया। साथ ही फरीद खान प्रांतीय सचिव पद पर नियुक्ति किए गए। जिला शाखा अध्यक्ष विजय शर्मा एवं तुलसीराम रैकवार, अशोक रैकवार, मिर्जा वॉइस, जावेद खान, जाहिद खान, अशोक अहिरवार, रामसेवक उपाध्याय एवं समस्त वाहन चालक यांत्रिक साथी भाइयों की ओर से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई। प्रांतीय अध्यक्ष साबिर खान का आभार। दमोह जिले को दो प्रांतीय पदाधिकारी दिए।

## विहिप बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न



**दमोह।** विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक में महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा का सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, संगठन पद्धति से विहिप जिला मंत्री शम्भु विश्वकर्मा द्वारा बैठक प्रारंभ की गई। बैठक का संचालन किया गया,बैठक तीन सत्र में संपन्न हुई। संगठन विस्तार हेतु नवीन दायित्व की घोषणा हुई, बैठक में जिला संगठन मंत्री द्वारका मिश्रा, विभाग मंत्री, नरेंद्र जैन, अध्यक्ष अजय खत्री, पंडित मोनू पाठक महराज, रामेश्वर शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती गिरजा त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राम मिश्रा, उपाध्यक्ष बबलू राय, जिला संयोजक गोलू चौबे, सहमंत्री सुरेन्द्र राय,सह अजय चौरसिया, अजय मिश्रा, दीपक पटेल, रोहित बाल्मीकि,अभय रजक, सुरेन्द्र सोनी, केशव राठौर, राजेंद्र खंडूजा, ऋषिराज परिहार, देवेश ठाकुर, सत्यम चौरसिया, उदय सेन, तेजी ठाकुर, पंकज सिंघई, राजू रजक, महेंद्र तिवारी, राहुल यादव, कैलाश विश्वकर्मा, जगत यादव, गनपत अहिरवार, लकी चौरसिया, बाबू शर्मा, मिठाई यादव, पिंकी विश्वकर्मा, मातृशक्ति से श्रीमती दुर्गा ठाकुर, श्रीमती सोना जैन, श्रीमती राखी दुबे, मनोरमा उपाध्याय, श्रीमती कंचन खरे आदि की उपस्थित रही। विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस का कार्यक्रम हुआ, जिसमें विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 61 वर्ष पूर्ण हुए संगठन मंत्री द्वारा विस्तृत में संगठन के कार्य उद्देश्य की सभी को जानकारी दी गई। बैठक में विभाग, जिला टोली, बजरंगदल टोली, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी और सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों के साथ अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## आजाद भारत पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पथरिया।** आजाद भारत पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमें अतिवृष्टि के कारण मकान, दुकान घर गृहस्ती के सामान व किसानो को अतिवृष्टि से हुये नुकसान की आर्थिक सहायता दी जायें, प्राइवेट एवं शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओ की दृष्टि को देखते हुये, ब्लड बैंक की समुचित व्यवस्था की जायें,प्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण की गई, सड़कों की गुणवत्ता की जांच व सड़कों के गड्ढों की मरम्मत कराई जाए। नगर परिषदों में कार्यरत आऊट सोर्स कर्मचारियों का मासिक वेतन समय पर भुगतान नहीं किया जाता है। अतःअविलम्ब मासिक भुगतान की व्यवस्था की जाये। केंद्र सरकार के समान राज्य सरकारें भी राज्य स्तरीय अंग्रेजी माध्यम से विद्यालय तहसील स्तर पर खोले जाये। जिससे प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार किया जा सके। मध्यप्रदेश सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कराने की कार्यवाही में केंद्र सरकार का सहयोग करें, जिससे गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिल सके।

## घर-घर गणेश हर-घर गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दोपहर मै मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश घर घर गणेश हर घर गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रस्फुटन समिति , नवांकुर समिति , नवांकुर सखी , सीएमसीएलडी पी के छात्र छात्राएं एवं परामर्शदाताओं ने सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया । मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रमेश कुमार तिवारी , जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव एवं तेंदूखेड़ा विकासखंड समन्वयक प्रभारी हरीश पांडे , शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य रघुराज सिह , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम जैन, वरिष्ठ समाजसेवी जीडी पटेल एवं नगर के अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्राइवेट स्कूल संचालकों का भी विशेष कि भी विशेष उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट आज

**दमोह।** जिम्नेशियम हाल, एक्सीलेंस ग्राउंड दमोह में ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 का आयोजन दिनांक 23 अगस्त 2025, शनिवार, सायं 4:00 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया, संरक्षक, मिशन ग्रीन दमोह होंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमान सुधीर कोचर, कलेक्टर, जिला दमोह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा अभाना करेंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 32 सिंगल्स एवं 32 डबल्स टीमें भाग ले रही हैं। विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार (**Prize Money**) से सम्मानित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था वतन एकता समाज कल्याण एवं विकास समिति द्वारा किल्लाई ग्राम पंचायत में माटी गणेश–सिद्ध गणेश प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित लोगों को माटी गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया और सभी से आह्वान किया गया कि वे अपने घरों में पर्यावरण हितैषी माटी गणेश की स्थापना की जाये। कार्यक्रम में सावित्री कुचबंदिया, रामबिहारी, वंदना, रेखा, प्रियंका, भावना, राहुल, अभिलाषा एवं बबली विश्वकर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

### दुकानदार सस्ते सोने की लालच में हुआ 5 लाख की ठगी का शिकार

# उड़ीसा के ठगों ने सराफा व्यापारी को असली दिखाकर थमा दिया नकली सोना

### पीड़ित ने हटा पुलिस थाना में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





नगर में एक सराफा व्यापारी को उड़ीसा के बदमाशों ने हटा पहुंचकर असली सोने की जांच करवाकर नकली सोना देकर 5 लाख की ठगी किए जाने का घटनाक्रम सामने आया है जहां पीड़ित व्यापारी ने हटा पुलिस थाना में अपनी आपबीती सुनाते हुए शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस थाना में पीड़ित सराफा व्यापारी पंकज सोनी पिता सोनी निवासी चंडी जी वार्ड ने बताया कि राय चौराहा स्थित कैनरा बैंक के पास सोने चांदी की दुकान का संचालन करते हैं जहां पर विगत 5 जुलाई को कुछ बाहरी लोग मेरी दुकान पर आए जो हिन्दी भाषा के साथ आपस में उड़िया भाषा मे बात कर रहे थे जिन्होंने बताया कि हम मजदूर लोग है तथा जडी-बूटी बेचते है हम जब उड़ीसा से आ रहे थे तो हमे ट्रेन मे कुछ सोने के गुरिया पडे मिले है जिनकी जॉच करानी थी आप हमारी सोने के गुरिया जो रवादार टुकडे के रुप मे थे उसमें से कुछ टुकडे लेकर मैनें जॉच की गई जो वह सोने के टुकडे असली सोने के थे जो कि मैने उनको लोटा दिये थे और वह मेरे पुत्र का मोबाइल नं. भी नोट कर ले गये थे इसके उपरांत 6 दिन बाद 11 जुलाई को मेरे बालक के मोबाइल पर उनके द्वारा उक्त 8962820609 मो. मोबाइल 9124829810 से फोन आया कि हम लोग 5 तारीख को आपकी दुकान मे आये थे व सोना चैक कराया था अब हम लोग दमोह मे है तथा हम सोना बेचना चाहते है यदि आपको लेना हो तो दमोह आ जाओ तब मैं व मेरा पुत्र आयुष को साथ लेकर दमोह गये तो वह रेलवे स्टेशन में आठों लोग मिले तो बोले सोना लेना हो तो सोना चैक कराकर खरीद लो, तब हमने यह सोचकर कि अभी चैक करा लेते है तथा यदि पैसे की व्यवस्था बन जाती है तो खरीद लेगे किन्तु दमोह मे तुरन्त व्यवस्था नही बन पाने से हम लोग हटा आ गये।

दूसरे दिन हम पुनः दमोह पहुंचे तो ठगों द्वारा हमे सागर नाका दमोह में बुलाया वहां पुनः सोने की जॉच की तो सोना सही पाया जाने पर हम रूपये निकालने लगे इसी बीच उनके द्वारा सोने की पुडिया बदलकर हमसे धोखाधडी कर पांच लाख रुपये ठग लिये जब हम हटा आये व सोने की जांच की गई तो सम्पूर्ण पुडिया जो सोने के रवादार टुकडे थे सभी नकली सोना निकलने पर मैने उक्त रुपये बैक से गोल्ड लोन लेकर लिये थे जिससे मै अत्यन्त मानसिक परेशानी में रहा आया व उनकी जानकारी करता रहा ग्रुप में फोटो ढूंढने से मैने फोटो में कुछ आरोपी की पहचान कर उनके आधार कार्ड व पता मालूम हो जाने पर पता चला कि वह रामू प्रधान पिता सिमांचल प्रधान निवासी जरवापुरा, जजापुर, उडिसा एव अन्य साथी माइसेन मिनी, माइसेल जागू + अन्य 5 ठगों द्वारा मेरे साथ धोखाधड़ी की गई।

आवेदक की शिकायत पर हटा पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस में शिकायत के दौरान नगर की अन्य सर्राफा व्यापारी जिसमें योगेश सराफ, छक्कू सराफ, समीर सराफ, निखिल सोनी बल्लू सोनी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# कार से 14 किलो गांजा जब्त चार आरोपियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह देहात थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिले में हो रही अवैध मादक पदाथों की तस्करी, विक्रय एवं संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निर्देशित किया गया है। इसी के अंतर्गत थाना दमोह देहात अंतर्गत दिनांक 21.08.25 को मुखबिर द्वारा मादक पदार्थ परिवहन करने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी दमोह देहात द्वारा टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपीगण गोविन्द लोधी, भगत सिह, जालम सिह निवासी कुंआखेडा थाना हटा, दीपक सिंह राजपूत निवासी कारीजोग खेजरा के अधिपत्य के बाहन क्रमांक एम पी 15 सी बी 3743 विटारा ब्रेजा से अवैध मादक पदार्थ गांजा लगभग 14 किलोग्राम बरामद कर आरोपीगण गोविन्द पिता जालम सिह लोधी 30 साल निवासी कुंआखेडा थाना हटा, भगत सिह पिता राजाराम लोधी 36 साल निवासी कुंआ खेडा थाना हटा, जालम सिह लोधी पिता जाहर सिह लोधी 60 साल निवासी कुंआखेडा थाना हटा, दीपक पिता भगत सिह राजपूत 29 साल निवासी कारीजोग खैजग थाना दमोह देहात को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियान को न्यायालय पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में गोविन्द पिता जालम सिह लोधी 30 साल निवासी कुंआखेडा महदेला थाना हटा, भगत सिह पिता राजाराम लोधी 36 साल निवासी कुंआखेडा महदेला थाना हटा, जालम सिह लोधी पिता जाहर सिह लीधी 60 साल निवासी कुंआखेडा महदेला थाना हटा, दीपक पिता भगत सिंह राजपूत 29 साल निवासी कारीजोग खेजरा थाना दमोह देहात को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने वाहन क्रमांक एम पी 15 सी बी 3743 विटारा ब्रेजा कीमती करीबन 8,00,000 रुपये, मादक पदार्थ गांजा 14 किलोग्राम कीमती करीबन 4,50,000 रुपये कुल 12 लाख 50 हजार रूपये का मशरूका जब्त किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा, सउनि अकरम खान, प्र.आर. आलोक भारद्वाज प्रआर भानू उपाध्याय, प्रआर डेलन सिंह, प्र आर राधेश्याम मिश्रा, आरक्षक देवेन्द्र ठाकुर, आरक्षक अखिलेश साहू, आरक्षक जितेन्द्र, आरक्षक चालक लवकुश, शुभम, आरक्षक अभिषेक, कुलदीप, दीपेन्द्र, बाबू, नितिन राज सायबर सेल से प्रआर राकेश अठ्या, आर मयंक आर रोहित की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अपने कर्म और दृष्टिकोण करते है जीवनचर्या को प्रभावित : ब्र.संजय



**हटा।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन त्रिमूर्ति मंदिर में, मंदिर जी का शताब्दी महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। एक सप्ताह से चल धार्मिक अनुष्ठान में आज महोत्सव स्थल उस समय तालियों से गूंज गया, जहां पाठशाला के नन्हे नन्हे बच्चें भारत माता, आर्मी, किसान एवं आमजन बनकर सिद्धों की आराधना के लिए अर्घ्य के थाल लेकर पहुंचे, जहां उन्होने देश, धर्म, संस्कृति, मानवता के लिए सिद्धों की आराधना करते हुए अर्घ्य समर्पित किये। मुरैना से पधारे ब्र. संजय भैया ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की व्याख्या करते हुए कहा कि मानव के कर्म और उनका दृष्टिकोण जीवनचर्या को प्रभावित करती है। अपने अपने कर्मो से यह, सब दुनियां संचालित होती, जैसी करनी वैसी भरनी, जो बोया वही फसल होती।यदि दूसरों के दुखों के कारण आपके आंखो में आंसू आये तो वह सार्थक होते है, यदि तुम्हारे कारण दुसरो की आंखो में आंसू आये वह जीवन धिक्कार होता है। भैया जी ने कहा कि जरूरी नहीं कि आपका जन्म महलों वैभव वाले परिवार में हो तो जीवन सुखी रहेगा, दुख कष्ट वाले परिवारों में भी अनेक प्रतिभाएं उभरती है। विधान के दौरान सौधर्म इन्द्र नरेन्द्र-पुष्पा बाकल, मैना सुन्दरी हेम कुमार-शीला, कुबेर इन्द्र पदम-संगीता बरोदा, महायज्ञ नायक हेमन्त-सुषमा सिंघई, ईशान इन्द्र प्रकाश -सुधा बाकल, महेन्द्र इन्द्र राकेश - सुलेखा सिंघई, सनद कुमार इन्द्र प्रदीप-नवलेश सागर वालों के द्वारा निरंतर अर्घ्य समर्पित किये एवं उनके निवास से प्रतिदिन महाआरती आयोजन स्थल तक पहुंची। मनोज-संध्या, राजेश -वंदना, संजय-नीता एवं अष्ट कुमारियों ने भी महाआरती में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। विधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा अर्घ्य चढ़ायें गये।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन घटिया निर्माण की भेंट चढ़ा

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मारा के ग्राम छापरी सड़क में वर्ष 2013-14 आंगनबाड़ी केंद्र करीब 5 लाख रुपए की लागत से बनाया गया जो करीब 4-5 वर्ष पहले बनाया गया जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी लेकिन सोचने वाली बात है इस भवन में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिससे भवन बनने के बाद से आज तक उपयोग नही किया गया ना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका द्वारा इसमें केंद्र का संचालन किया गया जिससे भवन जर्जर हालत में हो गया जिसमें बाहर व अंदर से छपाई अपने आप निकल रही है फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आज तक ध्यान नही दिया गया ना ही कोई कार्यवाही की गई।



## सुपर 100 बैच का हुआ शुभारंभ



**दमोह।** कक्षा 12 वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के चयन उपरांत NEET और JEE के सुपर 100 के बैच का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया ने मां सरस्वती की पूजन से विद्यालय में कक्षाओं का शुभारंभ किया। सिद्धार्थ मलैया ने छात्रों से संवाद करते हुए NEET, JEE और IIT की प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व पर विस्तार से चर्चा की तथा छात्रों को कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य आर पी पटेल, NEET/JEE कक्षाओं के प्रभारी शरद मिश्रा, मुकेश विश्वकर्मा, संजय दुबे, गोविंद रैदास, कमलेश सेन, देवेंद्र पटेल सहित अन्य शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## कुंडलपुर में जिला सत्र न्यायाधीश ने किये बड़े बाबा के दर्शन



**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में दमोह जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय ]सुभाष सोलंकी जी ने प्रातः कुंडलपुर में पूज्य बड़े बाबा के दर्शन वंदन कर दमोह जिला में अपने कर्तव्य की शुरुआत की। इस अवसर पर उनके साथ न्यायाधीश माननीय श्री उदयशंकर सिंह एवं न्यायाधीश माननीय श्री मरावी जी भी साथ रहे। न्यायाधीश महोदय ने पूज्य बड़े बाबा मंदिर का अवलोकन भी किया। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने न्यायाधीश महोदय का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

## कलेक्टर ने पर्यटन विकास निगम को लिखा पत्र

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम पर्यटन भवन प्रबंध संचालक को पत्र लिखा हैं कि दमोह नगर के मध्य में जबलपुर मार्ग के किनारे स्थित ब्रिटिश काल में निर्मित ऐतिहासिक बेलाताल का आई.टी.डी.सी. द्वारा जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण करने के उपरांत पर्यटन सुविधा के लिए उद्यान, जोगिंग पाथ, किड जोन, ओपन जिम, योगा स्थल, स्वल्पाहार हेतु छोटी दुकानें, विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ओपन थियेटर का निर्माण एवं बोटिंग हेतु घाटों का निर्माण किया गया है। बेलाताल के सौन्दर्यीकरण का वृहद कार्य सम्पन्न हो चुका है और शहर के मध्य में होने एवं अत्यन्त रमणीक स्थान होने से यहां प्रतिदिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में नागरिकों के आने की संभावना है। भारतीय पर्यटन विकास निगम द्वारा विकसित बेलाताल को दीर्घकालिक रूप से जन उपयोगी बनाने हेतु आवश्यक है, कोई सक्षम, प्रोफेशनल, अनुभवी शासकीय एजेन्सी यहां की सुविधाओं का संचालन करे। अतः दो विकल्पों में से किसी एक पर विभागीय स्तर से शीघ्र निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है, बेलाताल परिसर में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों का संचालन म.प्र. पर्यटन विकास निगम द्वारा एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा नियुक्त एजेन्सी के माध्यम से कराया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बेलाताल परिसर की अधोसंरचना का हेण्ड ओवर तिथि से 03 वर्ष तक संधारण का कार्य निर्माण एजेन्सी द्वारा किया जायेगा। साथ ही शहर के मध्य पर्यटक आकर्षण का केन्द्र होने तथा तालाब में बोटिंग, मिनी ओडिटोरियम, ओपन एयर थियेटर, फूड स्टॉल्स, ओपन जिम आदि सभी व्यवस्थाएं होने से संचालन एजेन्सी के लिए भी यह एक लाभ प्रद निवेश सिद्ध होगा।

# नपा द्वारा बनाई पानी की टंकी को नपा ने ही किया जमींदोज

### भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर एसडीएम से की शिकायत



**हटा।** नगर के बस स्टैंड पर नगर पालिका परिषद द्वारा 5 वर्ष पूर्व अवैध कब्जा हटाकर पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था जिसे नगर पालिका द्वारा ही शुक्रवार को जेसीबी से तोड़कर जमीदोज कर दिया गया जिसकी शिकायत शास्त्री वार्ड एवं गौरीशंकर वार्ड के पार्षदों ने कलेक्टर एवं एसडीएम को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही करने की मांग की है। शास्त्री वार्ड पार्षद प्रेमरानी जगत पटेल एवं गौरीशंकर वार्ड पार्षद शोभारानी अहिरवार ने शिकायत में उल्लेख कर बताया कि नगर पालिका हटा क्षेत्र स्थित बस स्टेंड पर गोलीकांड के अपराधियों एवं कांग्रेस नेता का अतिक्रमण हटाकर नगरपालिका द्वारा सार्वजनिक उपयोग हेतु पानी की टंकी का निर्माण विगत वर्ष 2020 में किया गया था जिसमें लगभग एक लाख रूपये का शासकीय व्यय हुआ था । वर्तमान में नगरपालिका कांग्रेस शासित होने से उक्त पानी की टंकी को तोड़ दिया गया है, जिससे उक्त पानी टंकी बनाने में हुई शासकीय राशि की क्षति हुई है, एवं उक्त टंकी के स्थान पर कांग्रेस नेता द्वारा अतिक्रमण किया जाना प्रतीत हो रहा है । शिकायत कर मांग की गई कि कर्मचारियों की मिलीभगत से सार्वजनिक उपयोग हेतु बनाई गई नवीन पानी की टंकी तोडी गई है, उन पर उचित कठोर कार्यवाही कर उक्त स्थान पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने का अनुरोध किया गया।

# सांसद ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से की भेंट

### बटियागढ़ में स्थापित होने वाले आईटीबीपी फील्ड फायरिंग रेंज सेंटर को लेकर हुई चर्चा



**दमोह।** लोकसभा मानसून सत्र के दौरान दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से नई दिल्ली में भेंट की। इस दौरान उन्होंने दमोह लोकसभा क्षेत्र की पथरिया विधानसभा अंतर्गत बटियागढ़ में स्थापित होने वाले आईटीबीपी फील्ड फायरिंग रेंज सेंटर को लेकर एक महत्वूपर्ण चर्चा की। सांसद श्री लोधी ने बताया फील्ड फायरिंग रेंज सेंटर के लिए विभिन्न अवसंरचना संबंधी कार्यों हेतु 4.59 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है और परियोजना से संबंधित निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है । इस परियोजना को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि आईटीबीपी ने परियोजना निगरानी समिति (**PMC**) का गठन भी किया गया हैं, जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखी जा सके। सांसद श्री लोधी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति और प्रगति के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आत्मीय आभार व्यक्त किया।

# आमघाट प्राइमरी स्कूल भवन की हालात जर्जर



### 1 से 5वीं तक की क्लास एक कमरे से संचालित हो रही, स्कूल में 35 बच्चे अध्ययन कर रहे

**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर संकुल केंद्र के आमघाट प्राइमरी स्कूल मैं स्कूल भवन जर्जर हालत में हो गया है जहां स्कूल संचालित हो रहा है स्कूल की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल भवन के बाजू में खपरैल मकान को सुधार कार्य करवा के स्कूल से सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। आमघाट के प्रधान अध्यापक सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया मैंने अनेकों बार अपने अधिकारियों को अवगत कराया गया है। स्कूल भवन की बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर हो गई है। सीलिंग से सीमेंट गिरता था अधिकारियों अवगत कराने की बाद शाला को बाजू में कच्चे मकान की बिल्डिंग से संचालित की जा रही है। स्कूल की 1 से 5 की क्लास है एक ही कक्षा में संचालित की जा रही है शाला मे 35 छात्र छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। ग्राम वासियों ने बताया गनीमत यह है कि क्षतिग्रस्त स्कूल भवन के पास बच्चे खेलते रहते हैं। अभी तक कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हो पाया है। क्योंकि क्षतिग्रस्त जर्जर स्कूल कभी भी धराशाई हो सकता है और बड़ी घटना घटित हो सकती है। शिक्षक ने बताया जर्जर स्कूल भवन के लिए एक बार राशि उपलब्ध हो चुकी है लेकिन जर्जर स्कूल के लिए राशि पर्याप्त होने के कारण पंचायत द्वारा वापस हो गई है उसके बाद यहां हालात जस के तस बने हुए हैं।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बटियागढ़।** बटियागढ ब्लॉक के किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बटियागढ तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी को एक ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन में किसानों ने पंचमनगर योजना के तहत किसानों को समुचित लाभ नही मिलने के आरोप लगाते हुए जांच और योजना के लाभ से बंच्छित गांव को जोड़ने की मांग की। किसानों को वर्ष 2023,24 और 25 के बीमा की राशि का लाभ देने और मक्का की फसल में बढ़ते रकवा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन कराकर शासकीय खरीद की व्यवस्था सहित कई मांगे रखी गई है।

# बालक माध्यमिक शाला तेंदूखेड़ा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय बालक माध्यमिक शाला तेंदूखेड़ा का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने बच्चों से गणित, विज्ञान और अन्य विषयो से संबंधित गतिविधियों को जाना।कलेक्टर श्री कोचर ने छात्रो से पूछा कि शिक्षक आपको किस प्रकार से अध्ययन कराते है तत्पश्चात कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देशित किया कि पहले शिक्षक स्वयं अध्ययन करे फिर छात्र-छात्राओं को सरल से सरल शब्दावली का प्रयोग करते हुए अध्यापन कार्य कराए। निरीक्षण के दौरान डीपीसी ,एपीसी, प्रोग्रामर, बी.आर.सी एवं BEO की उपस्थिति रही।

**कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला दमोह म.प्र.**
क्र/न.प./प्र.आ.योजना/2025/1225 पटेरा दिनांक 22/08/2025
**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 दावा / आपत्ति सूचना**
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवास योजना की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो वह कार्यालयीन समय में दिनांक 05.09.2025 शाम 5.00 बजे तक स्वयं ठोस दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी, प्रारंभिक सूची कार्यालय नगर परिषद पटेरा के सूचना पटल पर चस्पा सूची देखी जा सकती है सूचित हो ।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा जिला दमोह